प्रेस नोट- थाना अल्हागंज

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक – 27.03.2025

"जनपदीय SWAT टीम, सर्विलांस सेल व थाना अल्हागंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गयी बडी कार्यवाही"

"जनपदीय SWAT टीम, सर्विलांस सेल व थाना अल्हागंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 25 हजार के पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया"

श्री राजेश द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक महोदय, शाहजहाँपुर के निर्देशानुशार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी व रोकथाम अवैध शराब/शस्त्र बिक्री-निर्माण एवं चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन व रोकथाम जुर्म जरायम/गश्त के दौरान दिनाँक 26.03.2025 को जनपदीय SWAT/एस0ओ0जी0 टीम, सर्विलांस सेल व थाना अल्हागंज पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 01.11.2024 को थाना अल्हागंज क्षेत्र के श्री रामदेव पुत्र लाखन निवासी ग्राम दहेना थाना अल्हागंज जिला शाहजहांपुर द्वारा प्रस्तुत एक लिखित तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0- 318/2024 धारा 191(2),191(3),352,105,115(2) BNS बनाम 1. विक्रम यादव पुत्र कालीचरन यादव, 2. बुधपाल यादव पुत्र कालीचरन यादव, 3. इनाम सिंह पुत्र कालीचरन यादव, 4. रवि यादव पुत्र बुधपाल यादव, 5. राहुल यादव पुत्र विक्रम यादव , 6. गोधन यादव पुत्र इनाम सिंह निवासीगण ग्राम दहेना थाना अल्हागंज जिला शाहजहांपुर के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 हरेन्द्र कुमार के सुपुर्द की गयी, प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए उच्चाधिकारीगण द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन विवेचना थानाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश द्वारा स्वयं ग्रहण की गयी, मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त गोधन यादव उर्फ प्रान्शु यादव घटना की तिथि से ही बादस्तूर फरार चल रहा था, तथा अपने आप को छिपाये हुए था। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गोधन यादव उर्फ प्रान्शु यादव उपरोक्त के सम्बन्ध में 25,000/- का ईनाम भी घोषित किया गया था। उच्चाधिकारी गण के निर्देशन में थाना पुलिस व एस0ओ0जी0 टीम शाहजहाँपुर व सर्विलांस टीम शाहजहाँपुर द्वारा वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधी गोधन यादव उर्फ प्रान्शु यादव की तलाश व गिरफ्तारी का प्रयास लगातार किया जा रहा था, इसी क्रम में दिनांक 26.03.2025 को थानाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश मय हमराही उ0नि0 शिवम अग्रवाल मय हे0का0 545 अविनाश, का0 775 सुनील कुमार व का0 2106 पवन गुप्ता मय वाहन सरकारी UP 27 G 0403 बतौर चालक मुख्य आरक्षी कुन्दन सिंह के वास्ते देखरेख शान्ति/कानून व्यवस्था, चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त, अभियान रोकथाम जुर्म जरायम व गश्त इलाका थाना क्षेत्र में मामूर थे कि सर्विलांस टीम द्वारा प्राप्त लोकेशन / मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर जनपदीय SWAT/एस0ओ0जी0 टीम, सर्विलांस सेल व थाना अल्हागंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पुरुषकार घोषित अपराधी / वांछित अभियुक्त गोधन यादव उर्फ प्रान्शु यादव पुत्र इनाम सिंह निवासी ग्राम दहेना थाना अल्हागंज जिला शाहजहांपुर को सुगसुगी मोड के पास से मानवाधिकार आयोग / मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश – निर्देशो का पूर्णतः पालन करते हुये दिनांक 26.03.2025 को समय करीब 23.40 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त उपरोक्त को विधिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गोधन यादव उर्फ प्रान्शु यादव पुत्र इनाम सिंह निवासी ग्राम दहेना थाना अल्हागंज जिला शाहजहांपुर,

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

1. मु0अ0स0-318/2024 धारा-191(2),191(3),352,105,115(2) BNS बनाम गोधन यादव उर्फ प्रान्शु यादव आदि 06 नफर
2. मु0अ0सं0- 322/2024 धारा 115(2),351(2),352 BNS बनाम गोधन यादव उर्फ प्रान्शु यादव आदि 04 नफर

गिरफ्तार करने वाली टीम

SWAT/एस0ओ0जी टीम

प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार
हे0का0 सुशील शर्मा
हे0का0 खालीद हुसैन
हे0का0 रामसंजीवन
हे0का0 दिलीप
हे0का0 विपिन
हे0का0 उदयवीर
का0 कमल
हे0का0 चालक कपिल

सर्विलांस सेल

प्रभारी उ0नि0 श्री मनोज कुमार
का0 मुकुल खोखर
का0 सचिन यादव
का0 प्रभात चौधरी
का0 शिवम कुमार

थाना अल्हागंज पुलिस टीम

1. थानाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश, थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
2. उ0नि0 शिवम अग्रवाल थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
3. हे0का0 545 अविनाश, थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
4. का0 775 सुनील कुमार, थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
5. का0 2106 पवन गुप्ता, थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
6. चा0 हे0का0 कुन्दन सिंह थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,